LN-51

B.A. (Part-II) Examination, 2023

(New)

FOUNDATION COURSE

[Paper : First]

(Hindi Bhasha)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

निर्देशः सभी प्रश्न करना **अनिवार्य** है। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. (क) 'चोरी और प्रायश्चित' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। [8]

अथवा

"महात्मा गाँधी ने चोरी का प्रायश्चित करके आदर्श नैतिक मूल्यों की स्थापना की।" इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) परिपत्र किसे कहते हैं? प्रारूप देकर स्पष्ट कीजिए। [7]

अथवा

विज्ञापन की भाषा कैसी होती है? सविस्तार उल्लेख कीजिए।

2. (क) "लोकतंत्र अभ्यास का विषय है, केवल लोकतंत्र का पाठ पढ़ने से और उसका नारा लगाने से उसकी स्थापना नहीं होती।" इस कथन का अर्थ समझाइए। [8]

अथवा

'युवकों का समाज में स्थान' निबंध का केन्द्रीय भाव लिखिए।

(ख) वित्त एवं वाणिज्य की भाषा को सोदाहरण समझाइए। [7]

अथवा

मशीनी भाषा से क्या तात्पर्य है? उदाहरण देकर समझाइए।

3. (क) "पृथ्वी धर्म के बल पर टिकी हुई है।" 'मातृभूमि' निबंध के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए। [8]

अथवा

"वृक्ष और वनस्पति पृथिवी पर ध्रुव भाव से खड़े हैं।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में वृक्ष और वनस्पति का पृथ्वी से स्थायी सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए।

(ख) सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेद का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

विशेषण की परिभाषा एवं भेद सोदाहरण समझाइए।

4. (क) डॉ. खूबचंद बघेल की जीवनी संक्षेप में लिखिए। [8]

अथवा

"डॉ. खूबचंद बघेल छत्तीसगढ़ के एक महान सपूत थे।" अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद करते हुए संधि का नाम बताइए : [7]

(i) स्वागत (ii) सद्वाणी

(iii) वनौषधि (iv) भाग्योदय

(v) अधोगति (vi) राजाज्ञा

(vii) अभिषेक

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए :

(i) मृत्युनिनाद (ii) भवसागर

(iii) पीताम्बर (iv) रणविमुख

(v) अन्नजल (vi) प्रतिदिन

(vii) नवरात्र

5. (क) माधवराव सप्रे लिखित निबंध 'सम्भाषण कुशलता' के आधार पर सम्भाषण कला की विशेषताएँ लिखिए। [8]

अथवा

पं. माधवराव सप्रे के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) संक्षिप्ति से आप क्या समझते हैं? संक्षिप्ति के रूपों का उल्लेख करते हुए संक्षिप्ति कैसे करना चाहिए, स्पष्ट कीजिए। [7]

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

(i) Anesthesia

(ii) Nebula

(iii) Accountant

(iv) Cashier

(v) Census offices

(vi) Defamation

(vii) Keyboard

----x----